Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 12-12-2006

Participants : Shakya Shri Raghuraj Singh

an>

Title: Need to open a Kendriya Vidyalaya at Etawah, Uttar Pradesh.

श्री रघुराज सिंह शाक्य (इटावा) **:**महोदय, सदन के माध्यम से माननीय मानव संसाधान विकास मंत्री जी का ध्यान आकृट करते हुए आग्रह करना है कि मेरे संसदीय क्षेत्र इटावा की आबादी लगभग 20 लाख है, केन्द्र सरकार के कई प्रतिठान भी हैं। जबकि केन्द्रीय विद्यालय इटावा में नहीं है। आम नागरिक को बेहतर शिक्षा के लिए केन्द्र सरकार के विद्यालय की चिर-परिचित मांग है। 200 किमी. की परिधि में एकभी केन्द्रीय विद्यालय नहीं है। राज्य सरकार केन्द्रीय विद्यालय खोलने के लिए जमीन भी उपलब्ध कराने को तैयार है।

अस्तु, माननीय मंत्री जी से आग्रह है कि जनता की मांग एवं बेहतर शिक्षा को ध्यान में रखते हुए उच्च प्राथमिकता के साथ जनहित के लिए एक केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना शीघ्र करवाने की कृपा करें जिससे रेलवे, सरकारी, सार्वजनिक लोक उपक्रमों में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित आम जनता के बच्चों को केन्द्रीय विद्यालय की लोकप्रिय शिक्षण व्यवस्था से लाभ मिल सके।